Title: Need to telecast the programmes of Doordarshan − 2 in Katihar, Bihar.

**श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार) :** उपाध्यक्ष जी, बिहार राज्य के कटिहार जिला में पूर्व से ही दूरदर्शन का उच्च शक्ति प्रेति केन्द्र अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्यरत है। यहां उत्तरी बिहार का सबसे शक्तिशाली ट्रांसमीटर है जो पूरी तरह से नई तकनीक पर आधारित है। विकास के इस दौड़ में यहां मैट्रो चैनल पर डी.डी.-2 के कार्यक्रमों का प्रसारण करने की आवश्यकता है ताकि ज्ञान-विज्ञान का संवर्धन एवं मनोरंजन का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। कटिहार उत्तर पूर्व बिहार का अति पिछड़ा इलाका है जो कि गंगा, कोशी एवं महानन्दा नदी से घिरा हुआ है। सीमांचल का यह इलाका बंग्लादेश एवं नेपाल की सीमाओं को भी स्पर्श करता है। सांस्कृतिक, सामाजिक, व्यावसायिक, भौगोलिक एवं मौलिक चीजों को ध्यान में रखकर स्टूडियो एवं पीजीएफ के निर्माण की आवश्यकता है ताकि क्षेत्रीय प्र सारण का पूरा लाभ सीमांचल से जुड़े इस क्षेत्र के लोगों को मिल सके। इसे विकास के कार्यक्रमों से जोड़कर इस क्षेत्र को राज्य एवं देश के नव-निर्माण में अपना महत्वपूर्ण स्थान मिल सकेगा।

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री पी.एस.गढ़वी--- अनुपस्थित।